**Office-Principal**

**Govt. Jagannath Munnalal Choudhary Mahila Mahavidyalaya, Mandla, Madhya Pradesh**

**Phone/Fax:** 07642-252536 **Email:**hegjcgcman@mp.gov.in

**Website:**http://www.gjmcgirlscollegemandla.in

**AISHE Code:**C-33429 **College Code:**3502

# हिंदी विभाग

## कार्यक्रम के परिणाम

### इस पाठ्यक्रम के अध्ययन से विद्यार्थी:

- हिंदी काव्य की सुदीर्घ परंपरा से परिचित होंगे।
- प्रसिद्ध रचनाओं के अध्ययन से देश की सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय पृष्ठभूमि से सुविज्ञ होंगे।
- विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होगा, उनकी जीवन दृष्टि का विस्तार होगा जिससे वह जीवन एवं जीवन मूल्यों को समझने में सक्षम होंगे।
- रचनात्मक कौशल में दक्षता होगी जिससे उन्हें रोजगार की अनेक सम्भावनाएं मिलेंगी।
- कार्यालय के कार्यों की मूलभूत जानकारी एवं कार्यशैली से परिचित हो सकेंगे जिससे वो कार्यालयीन कार्य करने में सक्षम होंगे।
- नई तकनीक के माध्यम से ज्ञान विज्ञान के क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकेंगे।
- भाषा कंप्यूटिंग में दक्षता होगी तथा रोजगार प्राप्ति के अवसर मिलेंगे।
- हिंदी गद्य साहित्य एवं प्रमुख रचनाओं से परिचित होंगे।
- साहित्य अध्ययन में संवेदनशीलता एवं मानवीय गुणों को विकसित कर सकेंगे।
- साहित्य क्षेत्र में सृजनात्मक लेखन एवं समीक्षा के प्रति प्रेरित होंगे उन्हें रचनाओं के प्रकाशन एवं अध्यापन के क्षेत्र में रोजगार प्राप्ति के अवसर प्राप्त होंगे।
- अनुवाद कौशल को विकसित कर सकेंगे।
- भारतीय एवं विश्व भाषा साहित्य के अनुवाद क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे।
- वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण के साथ सामंजस्य बनाने में सक्षम होंगे।
- काव्य के प्रमुख अंगों का अध्ययन कर काव्य को भली भांति समझ सकेंगे।
- जनपदीय भाषा एवं साहित्य का ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे।
- जनपदीय भाषा साहित्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति की विविधता से परिचित होंगे।

- जनपदीय भाषा कौशल में पारंगत होंगे; क्षेत्रीय भाषाओं, बोलिओ के साहित्य को संगीतबद्ध करना, नाट्यरूपांतरण करना आदि के माध्यम से स्वयं के व्यावसायिक कला मंच स्थापित कर सकेंगे; देश विदेश में प्रस्तुतियां दे सकेंगे।
- लोक जीवन शैली से भिज्ञ होंगे।
- लोक साहित्य की विविध विधवाओं का अध्ययन कर अपने ज्ञान और अनुभव से शोध कार्य करने में समर्थ होंगे।
- लोक कला के क्षेत्र में कौशल विकास कर रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।
- लोक गीत, संगीत, नाट्य अभिनय आदि में रुचि रखने वाले विद्यार्थी संगीत नाट्य एवं फ़िल्म आदि क्षेत्रों में नया प्रयोग करते हुए देश-विदेश में यश एवं अर्थोपार्जन कर सकेंगे।

प्राचार्य
शासकीय जगन्नाथ मुन्नालाल
चौधरी महिला महाविद्यालय
मंडला मध्यप्रदेश